# छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग

इन्द्रावती खण्ड प्रथम तल, शास्त्री चौक, रायपुर, पिन–492001

दूरभाष कार्यालय–(0771–4024235 फैक्स–2442132) ई–मेल –sic.cg@nic.in


क्रमांक एफ 1–15/स्था./2016/1566 रायपुर, दिनांक 14/08/2018

## :: विज्ञापन ::

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग कार्यालय रायपुर के अधीन सहायक प्रोग्रामर के रिक्त पद पर सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं।

**उपरोक्त परीक्षा आयोजन हेतु संभावित कार्यक्रम निम्नानुसार है –**

**परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :–**

1. परीक्षा की तिथि – **07 अक्टूबर, 2018 (रविवार)**
2. परीक्षा का समय : – पूर्वान्ह 10:00 बजे से 01:15 बजे तक
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – **20.08.2018 (सोमवार)**
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि – **11.09.2018 (मंगलवार), रात्रि 11:59 बजे तक**
5. व्यापम की वेबसाईट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि – **01.10.2018 (सोमवार)**
6. परीक्षा केन्द्र – **रायपुर**

**रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| क्र. | पदनाम | वेतन+ग्रेड पे | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अनु. जाति | अ.पि. वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्रोग्रामर | लेवल–9 (38100/–) | 01 | 01 | – | – | – |

**सहायक प्रोग्रामर हेतु श्रेणी एवं वर्गवार आरक्षण :–**

| क्र | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | विकलांग | भू.पू.सै. | |
| 1 | अनारक्षित | 01 | – | – | – | 01 |

| स. क्र. | पद का नाम | आयु | | विहित शैक्षणिक अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सहायक प्रोग्रामर | 21 वर्ष | 30 वर्ष (छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी निवासी के लिये 35 वर्ष) | प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक./बी.एस.सी. (इंजीनियरिंग) या कुल मिलाकर कम से कम 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य श्रेणी।<br>अथवा<br>एम.सी.ए./एम.सी.एम./सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर, प्रथम श्रेणी में भौतिक शास्त्र/गणित/सांख्यिकीय/ ऑपरेशन रिसर्च/ अर्थशास्त्र/कम्प्यूटर साइंस में एम.एस.सी./एम.ए. या कुल मिलाकर कम से कम 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य श्रेणी।<br>अथवा<br>बी.सी.ए./बी.सी.एम./सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक, प्रथम श्रेणी में भौतिक शास्त्र/गणित/ सांख्यिकीय/ ऑपरेशन रिसर्च/अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि/ बी.एस.सी./बी.ए. कम्प्यूटर साइंस/ कम्प्यूटर साइंस में कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा या कुल मिलाकर कम से कम कुल 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य श्रेणी। |

आयु सीमा :– न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष।

**यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर के रिट पिटिशन क्रं. (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय न्यायालय पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होंगे।**

नियम एवं शर्तें :–

1. उक्त तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्तियां छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, सेवा (भरती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2009 एवं संशोधन दिनांक 19 जुलाई, 2018 के अंतर्गत की जायेंगी।
2. दिनांक 01.01.2018 की स्थिति में आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु 21 वर्ष से कम नही होनी चाहिए एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रं.–एफ 3–2/2015/1–3, दिनांक–23.01.2017 अनुसार छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयु सीमा कैलेण्डर वर्ष 2018 के लिए 35 वर्ष के स्थान पर 40 वर्ष होगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घौषित अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व., महिला, विधवा, परित्यक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी।
3. आवेदक को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है।
4. चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जावेगा।
5. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है।
6. महिलाओं को नियमानुसार हारिजान्टल आरक्षण दिया जावेगा। किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे। वरन उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है।

7. भूतपूर्व सैनिकों एवं विकलांगों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान होगा।
8. उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।
10. आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरते। बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्म तिथि, श्रेणी, वर्ग इत्यादि में परिवर्तन सम्बंधी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
11. आवेदक को पद के लिये निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तों की पूर्ति करना आवश्यक है। आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।
12. संबंधित पद के लिये वांछित शैक्षणिक आर्हता संबंधी मूल प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ के निवासी होने का प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र चयन के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. **व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रकिया विभाग द्वारा की जायेगी।**

**चयन प्रकिया :–**

विज्ञापित पदों हेतु आवेदित उम्मीदवारों की व्यापम द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की जावेगी, जिसमें आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे। निगेटिव मार्किंग के आधार पर मूल्यांकन किया जावेगा। परीक्षा उपरांत लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा अभ्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में विभाग के दिये गये प्राथमिकता क्रम के आधार पर व्यापम द्वारा विभाग आबंटित किया जावेगा। अभ्यार्थियों के प्रमाण–पत्रों की जांच पश्चात् चयन/नियुक्ति की कार्यवाही विभाग द्वारा की जावेगी।

परीक्षा पाठ्यकम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापमं की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है।

सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग
रायपुर